## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–10.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- **छठी झारखंड विधानसभा के लिए रबींद्रनाथ महतो आज सर्वसम्मति से चुने जायेंगे स्पीकर, सात सेटों में दाखिल किया नामांकन, पहली बार सभी दलों के विधायक बने प्रस्तावक।**

- **राज्य के कई मंत्रियों ने संभाला पदभार, राज्य के विकास के लिए अपनी–अपनी योजनाओं को किया रेखांकित, विभागीय अधिकारियों को योजनाओं के कियान्वयन के दिए निर्देश।**

- **सुप्रीम कोर्ट ने प्राथमिक शिक्षकों के प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति पर तत्काल लगायी रोक।**

- **मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक राज्यभर में कोहरा छाये रहने का जताया अनुमान, न्यूनतम तापमान में आयेगी गिरावट, बढ़ेगी ठंड।**

- **महिला जूनियर एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में भारत ने मलेशिया को पांच–शून्य से हराकर शानदार प्रदर्शन रखा जारी।**

*****************

छठी झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के दूसरे दिन आज रबींद्र नाथ महतो के स्पीकर चुने जाने की औपचारिकता पूरी कर ली जायेगी। रबींद्रनाथ महतो को स्पीकर बनाने को लेकर कल सभी दलों ने सहमति जतायी है। इससे पहले रबींद्रनाथ महतो ने सात सेटों में नामांकन दाखिल किया। इस बार सभी दलों के विधायक उनके प्रस्तावक बने। इधर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि स्पीकर के लिए रवींद्रनाथ महतो का नाम प्रस्तावित है। वे सर्वसम्मति से स्पीकर चुने जायेंगे। वहीं मंत्रियों और विधायकों के शपथ ग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है।

*****************

राज्य के कई नये मंत्रियों ने कार्यभार संभाल लिया है। राज्य के वित्त **मंत्री राधाकृ□ण किशोर ने** कहा कि हेमंत सोरेन सरकार द्वारा राज्य की वित्त संबंधी परेशानियों को दूर किया जाएगा।

**डॉ. इरफान अंसारी** ने स्वास्थ्य, खाद्य सार्वजनिक वितरण, उपभोक्ता मामले और आपदा प्रबंधन विभाग का प्रभार ग्रहण किया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में बदलाव की दूरदर्शी योजनाओं को रेखांकित किया। **वहीं शिल्पी नेहा तिर्की** ने कृषि मंत्री का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक खेती और व्यावसायिक पशुपालन को बढ़ाने पर फोकस रहेगा।

राजस्व, भूमि सुधार एवं परिवहन **मंत्री दीपक बिरुआ** ने पद ग्रहण करने के बाद भू–राजस्व और परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ कार्यों की समीक्षा की। वहीं **मंत्री योगेंद्र प्रसाद** ने उत्पाद विभाग का पदभार ग्रहण किया और शत प्रतिशत राजस्व वसूली पर जोर दिया। कल्याण **मंत्री चमरा लिंडा** ने पदभार लेने के बाद विभागीय अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्यवन में तेजी लाने का निर्देश दिया।

*****************

सुप्रीम कोर्ट ने प्राथमिक शिक्षकों के प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति पर तत्काल रोक लगा दी है। झारखंड उच्च न्यायालय के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में सुधीर कुमार दुबे और अन्य ने चुनौती दी है। सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिवादियों को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले का निस्तारण होने तक प्रधानाध्यापक पद की प्रोन्नति पर यथास्थिति बनाए रखने भी आदेश पारित किया है। आदेश के अनुसार तत्काल प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति पर फिलहाल रोक रहेगी।

*****************

झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य के मेडिकल कॉलेजों में कॉन्ट्रैक्ट पर डॉक्टरों की नियुक्ति पर रोक लगा दी है। अदालत ने इस मामले में राज्य सरकार और झारखंड लोक सेवा आयोग से जवाब मांगा है। अदालत ने पूछा है कि जब सभी पद नियमित नियुक्ति वाले हैं तो कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्ति क्यों की जा रही है। मामले की अगली सुनवाई जनवरी में होगी।

*****************

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि सरकार की योजना अगले तीन वर्षों में बीमा सखी या बीमा एजेंटों की नियुक्ति करने की है। बीमा सखी योजना के शुभारंभ के अवसर पर उन्होंने कहा कि इस वर्ष 25 हजार बीमा सखियों की नियुक्ति की जाएगी।

*****************

आज विश्व मानवाधिकार दिवस है। मानवाधिकार दिवस का इस वर्ष का विषय है– **हमारे अधिकार, हमारा भविष्य, अभी**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नयी दिल्ली में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगी। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कहा कि इस वर्ष मानवाधिकार दिवस के कार्यक्रम के बाद एक दिन का राष्ट्रीय सम्मेलन होगा, जिसका विषय है– **मानसिक सेहत**– कक्षा से कार्यस्थल तक तनाव से निपटना।

नालसा के अध्यक्ष सह सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति बी आर गवई ने मानवाधिकार के बारे में जानकारी दी।

*****************

लोहरदगा जिला मे स्वचालित स्थायी शैक्षणिक खाता पंजीकरण यानी **अपार** में पंजीकरण का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है।

*****************

मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश जिलों में सुबह में कोहरा छाये रहने का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने कहा कि गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहेबगंज, पाकुड़, सरायकेला–खरसांवा, पश्चिमी सिंहभूम और पूर्वी सिंहभूम में कोहरे के साथ आंशिक बादल छाया रहेगा। मौसम विभाग के अभिषेक आनंद ने कहा कि अब बारिश नहीं होगी। वहीं न्यूनतम तापमान में कमी आयेगी, इससे ठंड बढ़ेगी।

*****************

ओमान के मस्कट में महिलाओं की जूनियर एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में भारत ने मलेशिया को पांच–शून्य से हराकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। इससे पहले भारत ने बांग्लादेश को 13–1 से हराया था। अब भारत का मुकाबला आज चीन से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात साढ़े आठ बजे से खेला जाएगा।

*****************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झारखंड विधानसभा में मंत्रियों के शपथ लेने और रबींद्रनाथ महतो के आज स्पीकर चुने जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** ने यूपीएससी सिविल सर्विसेज की मुख्य परीक्षा का परिणाम जारी होने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

**हिन्दुस्तान** ने सुप्रीम कोर्ट की मौखिक टिप्पणी पर लिखा है– धर्म के आधार पर नहीं दे सकते आरक्षण।

**प्रभात खबर** ने विधायकों के विधानसभा सदस्यता की शपथ लेने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।
**दैनिक जागरण** के शब्द हैं– वर्षा और कोहरे से थमी हवाई रफ़्तार।

**अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले के मुद्दे को दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों के बीच सालाना बैठक में प्रमुखता से उठाये जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

***************